nt>

11.03 hrs.

## RE: NOTICES OF ADJOURNMENT MOTION AND

## SUSPENSION OF QUESTION HOUR

Prime Minister""""""""""""""""""""s statement at Ayodhya regarding

construction of Ram Temple

...(*Interruptions*)

Title: Notices of Adjourment motion and suspension of Question Hour on the issue of the Prime Minister's statement at Ayodhya on 1 August, 2003 regarding construction of Ram Temple to which the Prime Minister responded (Motion rejected by the Speaker).

**श्री रामजीलाल सुमन (फिरोजाबाद) :** अध्यक्ष महोदय, प्रधान मंत्री जी ने श्री रामचंद्र दास परमहंस के अंतिम संस्कार के समय जो बयान दिया है, यह बहुत गंभीर मामला है।â€¦ (व्यवधान) प्रधान मंत्री जी ने इस हाउस में जो कहा और बाहर जो कहा, उसमें विरोधाभास है।â€¦ (व्यवधान) चार प्रान्तों में चुनाव होने वाले हैं, इस वजह से जान-बूझ कर यह किया गया है।â€¦ (व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** सुमन जी, आपका नोटिस मेरे पास है। प्लीज़ बैठिए।

...(व्यवधान)

SHRI BASU DEB ACHARIA (BANKURA): Sir, we have given notices for suspension of the Question Hour. ...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: I have received several notices on the issue regarding the statement made by the Prime Minister at Ayodhya on 1st August, 2003 with regard to construction of Ram Temple. This issue is no doubt an important issue. Therefore, I would like to listen to a few Members who want to say why this becomes an Adjournment Motion. I may not be in a position to allow all the Members who wish to speak on the issue.

...(*Interruptions*)

SHRI V. DHANANJAYA KUMAR (MANGALORE): You allow them after the Question Hour, Sir....(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Normally we do that.

...(*Interruptions*)

**श्री रामजीलाल सुमन :** क्वैश्चन ऑवर की आप क्या बात करते हैं?â€¦ (व्यवधान) कोई क्वैश्चन ऑवर नहीं होगा। यह देश को तोड़ने की साजिश है।â€¦ (व्यवधान)

SHRI V. DHANANJAYA KUMAR : Sir, you allow them only after the Question Hour, not now. We should uphold the ruling of the Chair.â€¦ (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Please remember, Shri Dhananjaya Kumar, we have decided that normally such issues should be taken up during 'Zero Hour'. This being an important issue, I have given my special consideration to this. From each party that has given notice, I will allow one Member to speak, preferably the Leader of that party. We start with Shri Priya Ranjan Dasmunsi from the Congress Party.

I would request the Members to be very brief because I want to go to the Question Hour as early as possible.

**श्री राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव (पूर्णिया) :** अध्यक्ष महोदय, मैंने बाढ़ पर स्थगन प्रस्ताव दिया है।â€¦ (व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** आपका बाढ़ के बारे में विाय महत्वपूर्ण है। मैं ज़ीरो ऑवर में आपको मौका दूंगा।

â€¦ (व्यवधान)

SHRI V. DHANANJAYA KUMAR : Sir, we humbly request you to take it up after the Question Hour. ....(*Interruptions*)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI (RAIGANJ): Mr. Speaker, Sir, if your decision is questioned every time by them, what do we do?

MR. SPEAKER: Shri, Dhananjaya Kumar, I have already given my ruling. I have permitted a Member to speak, in

the larger interest of conducting the business in this House. Please sit down.

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : Mr. Speaker, Sir, at the outset, I would like to make it clear from our Party's side that we have no desire or intention to disrupt the proceedings of the House. I am glad the hon. Prime Minister is here.

This House has been upholding a great tradition from the past Lok Sabhas that when the House is in Session, once the official policy line on any issue is stated in the House by no less a person than the Leader of the House and the Prime Minister himself, questions are not raised on those issues outside the House to create suspicions, apprehensions and doubts among the public.

It is not a crime if any individual or Minister or Government responds to any dream of any individual in the country. We know that Graham Steins had a dream of living to serve the humanity. His dream could not be fulfilled. We could not address that dream of his. We know about the dream of the unemployed youth of this country of getting a job. They are not getting jobs. We could not address that dream of theirs. We know about the dream of the people belonging to working class community who are getting retrenched everyday because of closure of industrial units. We know about the dream of the people belonging to farming community who are committing suicides. We could not address those dreams, nor could the Government.

I cannot question somebody if he responds to somebody's dream, be it of a religious leader or of any other individual. As per our traditions, we always give respect to departed souls. However, it is unfortunate that on August 1, at Ayodhya, during the course of the cremation of Mahant Ramachandra Das Paramhans's mortal remains, the Prime Minister and the Leader of the House had to make that statement. He himself took the House several times into confidence on this very important matter saying that the disputed site of the mosque and the temple is in judicial process and that the Government shall abide by either the judicial verdict or a negotiated settlement.

From our party, the Leader of Opposition made it clear that we shall abide by the judicial verdict, and that if a negotiated settlement is reached with the sanction of the court, we would have no objection to that. On such an occasion, the Leader of the House has to take the entire nation into confidence - all the religions, sects and groups - to uphold the Constitutional commitment of secularism so that the nation emerges stronger with its secular fabric in the world community and civilisation. At that juncture, the hon. Prime Minister chose that solemn occasion of cremation of Mahant Ramachandra Das Paramhans and made a sort of declaration, as is reported in the newspapers.

Not only the Prime Minister, the Deputy Prime Minister also made statements. Please remember that he is not the Deputy Prime Minister alone but he is also the Minister in charge of the internal security of the country. He is in charge of protecting the harmony of the country and of fighting the terrorists. Both of them chose this occasion to make such statements. The Prime Minister is the Leader of the House. He is not merely the Prime Minister of either BJP or NDA, he is the Prime Minister of the millions and millions of Indian people comprising all religions, sects and faiths.

If the Prime Minister chose that particular occasion to say that the Ram Janmabhoomi will have the temple very soon, it not only affects the minds of other sects and other people, it disturbs the negotiated process of settlement, which the Prime Minister has placed many times. It is also prejudicial to the on-going proceedings of the Judiciary which is looking after the whole thing in an objective and transparent manner. If they get an impression that the Leader of the nation is holding this particular view informally in the emotionally surcharged atmosphere of the cremation ground where the people came, to further foment and put the fuel again, I think, this is really surprising, unfortunate, uncalled far, unprecedented and detrimental to the dignity of the House when the House is in Session.

Therefore, Mr. Speaker, Sir, from our party, we have given this notice of Adjournment Motion not with a view to create disruption in the House but with the sole demand that the hon. Prime Minister must take the nation into confidence once again. Unfortunately, I am sorry to say that the hon. Prime Minister is on record having changed nine to ten times his statement made outside, by the PMO clarification...(*Interruptions*) Mr. Speaker, Sir, I would like to put it on record...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Hon. Members, please sit down.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: The Prime Minister is there. Please sit down. He would respond.

...(*Interruptions*)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI: We are for temple, we are for mosque, we are for church, and we are for amity of people also....(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Now, Shri Somnath Chatterjee.

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : Sir, I will conclude in a minute...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Hon. Members, please resume your seats.

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : I am thankful to the Prime Minister for having agreed in the House, through you, Mr. Speaker, on my Privilege Motion as to what he said in the House and what he said in Goa, on the issue of Gujarat...(*Interruptions*)

So, I would tell you, Mr. Prime Minister that if every time you say something outside and clarify it within 48 hours, it not only pains you and us, it pains the entire nation. The whole credibility of the leadership goes down. Therefore, I request, you to please, once and for all, make your statement very clear and solid...(*Interruptions*)

**श्री श्याम बिहारी मिश्र (बिल्हौर) :** आपकी बाबरी मस्जिद के बारे में क्या राय है, इसकी घोणा करें।â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Hon. Member, please sit down.

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : I would only like to know the durability and the credibility of the Prime Minister's statement...(*Interruptions*) Should we take it as 24 hours or should we take it as three months or should we take it as five years? Otherwise, we cannot check every alternate day. It is my submission. He should categorically state as to how long his statement is going to last. ...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Now, Shri Somnath Chatterjee.

**श्री श्याम बिहारी मिश्र :** इस विाय में इनकी पार्टी की क्या विचारधारा है, यह बताएं ?

SHRI SOMNATH CHATTERJEE (BOLPUR): Mr. Speaker, Sir, this is becoming too much....(*Interruptions*)

**श्री श्याम बिहारी मिश्र :** क्या मंदिर का निर्माण करने की बात कहना परम्परा को तोड़ना है और क्या इसी बात पर ये लोग कामरोको प्रस्ताव लेकर आए हैं ?

**अध्यक्ष महोदय :** मैंने आपको बोलने की इजाजत नहीं दी है इसलिए आप बैठ जाएं।

**श्री वी. धनंजय कुमार** : आपने एक को बोलने की बात कही थी।

**अध्यक्ष महोदय** : धनंजय कुमार जी, मैंने ऐसा नहीं कहा था। मैंने यह कहा था कि जिन सदस्यों ने स्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया है, उनको या उनकी पार्टी के नेता को मैं बोलने का अवसर दूंगा।

SHRI SOMNATH CHATTERJEE : Mr. Speaker, Sir, probably, this is the first time that I have ever given a notice for suspension of Question Hour along with an Adjournment Motion because I feel that the developments are not only disturbing but also dangerous.

This is an issue which has been agitating the people's mind for a long time, and suddenly we find, taking advantage of a very sad occasion on the passing away of the religious saint, the hon. Prime Minister addresses a public meeting. There is a rostrum. There are loudspeakers. And, we find all that over television. A public meeting is held when the funeral pyre is on. It was already lit and it was burning. What is the intention behind it? It is to try to utilise the occasion to rouse some communal passion, religion passion. What else can it be?

DR. VIJAY KUMAR MALHOTRA (SOUTH DELHI): Sir, this is not the Adjournment Motion...(*Interruptions*) He is raising all types of questions...(*Interruptions*) Tomorrow we are having a debate on Ayodhya. He can raise it there...(*Interruptions*) This is not the way.

SHRI SOMNATH CHATTERJEE : Although the Prime Minister of India, Shri Atal Bihari Vajpayee can reply...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Let us keep an atmosphere in the House which will be good in the interest of transacting the business of the House. The hon. Prime Minister is going to respond.

...(*Interruptions*)

SHRI SOMNATH CHATTERJEE : I am respectfully requesting the hon. Prime Minister to respond. ...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Please go ahead.

...(*Interruptions*)

SHRI SOMNATH CHATTERJEE : I am very happy that he has come; I am thankful to him. He has realised the importance of it. He has come on his own. This is what we expect of him.

Why are we saying all this? Apart from what has been said already or apart from the matter which is pending, the type of statements which are made by the side of the funeral pyre are bound to have some effect on the Judiciary. The hon. Prime Minister said that he was vowing − it was not a mere rhetoric in front of the pyre − that they would strive towards the cause for which Mahant lived. This is the type of statement that was made.

I am not reading other items. I have also got a Hindi paper; I do take it that it need not be translated. He said this: " राम जन्म स्थान पर राम मंदिर का निर्माण परमहंस जी की अंतिम इच्छा थी, इसे हम अवश्य पूरा करेंगे " ।

**श्री श्याम बिहारी मिश्र** : इसमें क्या खराब बात कही है? आप केवल धार्मिक भावनाओं को भड़का रहे हैं। ...(*Interruptions*)

SHRI SOMNATH CHATTERJEE : The hon. Prime Minister placed the construction of Ram Temple at Ayodhya as a befitting tribute to the late Paramahans Ramchandra Das. He said that there was no hurdle in the way of construction of Ram Temple and that the long cherished dream of the Mahant could not be ignored for long. What was the dream? I believe the dream was to build a Temple at that particular place which is the disputed site and which is in question before the country today. How can he make that vow there?

In the presence of the hon. Prime Minister, the Deputy Prime Minister has said that no power could stop this. The hon. Deputy Prime Minister said this. Another gentleman who was present there, who was either the RSS Chief or the VHP Chief, said that nobody should vote for a person who opposes the construction of Ram Mandir. Therefore, what was the purpose behind all this? It was only trying to utilise the occasion for narrow political ends and for electoral benefits. That is why they even roused the communal passion and roused religious frenzy. This was the real objective.

I would like to know this from the hon. Prime Minister. He must have felt disturbed. Therefore, what occasion he takes for giving clarification? Yesterday we were asked as to why we should raise it, since the Prime Minister has given a clarification. Some papers, which we know whom they represent, obviously asked this. But where did he give the clarification? He gave the clarification at the BJP meeting, where I find Dr. Vijay Kumar Malhotra standing in the fourth row!

**अध्यक्ष महोदय :** इसका इस बात से क्या संबंध है?

SHRI SOMNATH CHATTERJEE : The other MPs from Delhi are getting priorities or preferences over him. That is very significant! He was looking from behind!

He chose a BJP meeting to give the clarification. Therefore, he realised that this is a matter which required clarification, and that he had crossed the *Lakshman rekha.*

Therefore, we demand that he should not only make it clear, but he should also express regrets to the country, for trying to rouse communal passion by the side of the funeral pyre. I think, this is the first time in India it has ever happened that a funeral is being utilised for political purposes. It was done by no less a person than the Prime Minister himself and also the Deputy Prime Minister of this country. We strongly condemn it. We demand the Prime Minister's statement and we would like to seek clarification.

MR. SPEAKER: I request the hon. Members to be very brief because I would like to take up the Question Hour. I am going to permit a few hon. Members; I am not going to give the opportunity to all the Members, excepting those Members from the Parties which have given notices for either suspension of Question Hour or for moving an Adjournment Motion.

Now, Shri Mulayam Singh Yadav.

**श्री मुलायम सिंह यादव (सम्भल) :** अध्यक्ष महोदय, अयोध्या के सवाल को लेकर यहां बार-बार चर्चा की जाती है। â€¦ (व्यवधान) विपक्ष के लोग बार-बार मन्दिर और मस्जिद के सवाल को उठाना नहीं चाहते लेकिन पता नहीं क्यों, अन्य धार्मिक संगठन से जुड़े लोग इसे क्यों उठाते रहते हैं? हम लोग उनको किसी तरह इनका जवाब भी देते हैं। हम कई बार इसे देख चुके हैं। प्रधान मंत्री जी, पता नहीं आप अपने को क्यों भूल जाते हैं?

क्या प्रधान मंत्री केवल बीजेपी के हैं, या संघ परिवार के हैं या विश्व हिन्दू परिद के हैं? प्रधान मंत्री पूरे देश के हैं, सदन के नेता हैं, हमारे भी प्रधान मंत्री हैं, हमारे नेता भी हैं। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में हम मन से इस बात को स्वीकार करते हैं। एक धार्मिक नेता का निधन हुआ। हमारे और उनके बीच वैचारिक दृटि से बहुत टकराव होता था लेकिन मैं व्यक्तिगत तौर पर उनका बहुत आदर करता था। उनके निधन से केवल प्रधानमंत्रीजी आप ही या बीजेपी के लोग ही दुखी नहीं हैं, जो भी धार्मिक भावना से जुड़े लोग हैं, संतों के प्रति आस्था रखते हैं, पूरे हिन्दुस्तान के ऐसे करोड़ों लोगों को उनके निधन से दुख पहुंचा हैं। हमें भी उनके निधन से दुख हुआ है। हमें इसलिए ज्यादा दुख हुआ कि हमारी उनके साथ कई बार बात होती थी।â€¦ (व्यवधान) यदि आप में जरा सी भी इन्सानियत होगी तो आप मेरी बात शांति से सुनेंगे। हम श्री रामचन्द्र परमहंसजी सब का आदर करते हैं, उनके निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और संवेदना व्यक्त करते हैं। हमारी उनके साथ मंदिर मुद्दे पर वैचारिक टकराव होते हुए भी बातचीत होती थी। हम कोशिश करते थे कि उन्हें मंदिर मस्जिद संबंधी अपने विचारों से सहमत कर सकें। वे एक वर्ग के संत नही अपितु वह सब के संत थे। â€¦ (व्यवधान) आप मेरी बात सुनिए। हमें कोई एतराज नहीं है। हम उनका आदर करते थे, करते रहेंगे लेकिन हम वैचारिक दृटि से उनका विरोध करते थे।

मैं व्यक्तिगत तौर पर कहना चाहता हूं कि प्रधान मंत्री जी, आप आज इस बात को स्पट करें। आप सदन में क्या बोलेंगे, वह हम जानते हैं। आप अभी इस बारे में अ वश्य बोलेंगे। आपने इस बात का समाचार पत्रो में जो खंडन किया, वही यहां बोलेंगे। कई बार बयान बदलने के लिये आपकी क्या मजबूरी है? आपको कौन मजबूर करता है, यह स्पट कीजिए।

प्रधान मंत्री जी, आप सर्वोच्च पद पर पहुंचने वाले नेता भी हैं, विपक्ष के नेता भी रहे हैं लेकिन यह बात जरूर कहना चाहते हैं कि आप बहुत मजबूर हैं लेकिन आप देश को मजबूर मत कीजिए। आप महन्त जी का सपना पूरा करेंगे। â€¦ (व्यवधान)

**प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) :** प्रधान मंत्री जी वह सपना अवश्य पूरा करेंगे।

**श्री मुलायम सिंह यादव** : वह सपना पूरा करेंगे या देश और समाज को बिखेर देंगे? यह क्या चाहते हैं?â€¦ (व्यवधान) सपना तो पूरा करेंगे लेकिन यह क्या चाहते हैं?â€¦ (व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदयः मुलायम सिंह जी, आप बोल सकते हैं। प्लीज उन्हें बोलने दीजिए।**

**श्री मुलायम सिंह यादव :** क्या हम महन्त जी का आदर न करें? हम आदर करेंगे, चाहे आप कितनी कोशिश करें।

**श्री विणु पद राय (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह)** : यह रोज ड्रामा करते हैं।

**अध्यक्ष महोदयः** यह कोई ड्रामा नहीं है।

**श्री मुलायम सिंह यादव** : हमें पता है कि आपकी पार्टी से हमारा टकराव है लेकिन हमारी पार्टी कभी ऐसा नहीं करेगी। यह इस मुद्दे को बार-बार उठा कर ऐसे ही सत्ता में बने रहना चाहते हैं। आप अमर नहीं हैं। ज्यादा घमंड मत दिखाइए। प्रधान मंत्री जी, आप मन्दिर मस्जिद बनाना चाहते हैं, आपकी जिम्मेदारी है, आपके हाथों में सब कुछ है, आप देश बनाने का संकल्प लीजिए । देश को बनाएंगे तो मन्दिर मस्जिद सब बन जाएगा। देश नहीं रहेगा तो आप न प्रधान मंत्री रहेंगे, न मन्दिर बनेगा, न मस्जिद बनेगी। यह सवाल आज देश के सामने हैं। आज देश में भुखमरी है, कहीं बाढ़ आई है, कहीं सुखाड़ है। आज पीने के लिए पानी नहीं है। इतना कुछ होने के बाद भी पानी नहीं है. जानवरों के लिए पानी नहीं है. बिजली नहीं है, सड़कें नहीं है, शिक्षा नहीं हैं, महंगी शिक्षा है । गरीबी है, बेरोजगारी है

आज मध्यम वर्ग का कोई गरीब लड़का पढ़ नहीं सकता। उ.प्र. में कक्षा एक से लेकर उच्च शिक्षा के लिये 40 लाख बच्चे वंचित है । जिस प्रदेश से माननीय प्रधानमंत्री स्वंय सांसद है । जिस क्षेत्र से हम सासंद हैं, मैंने देखा है कि 40 लाख बच्चों का पहले दर्जे की पढ़ाई के लिये दाखिला नहीं हो रहा है। वे बड़े बड़े स्कूलों में इंटर की पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। आज देश के सामने कई सवाल हैं जिनसे हम लोगों को जूझना पड़ रहा है। बेरोजगारी, महंगाई से जूझना पड़ रहा है, सीमा पर सेनाओं को जूझना पड़ रहा है। सरकार देश को गिरवी रख रही है। पूरी अर्थ-व्यवस्था, रक्षा नीति को अमरीका के सामने गिरवी रख रही है। हमें देश को बचाना है। आज देश के सामने जो समस्यायें हैं, सरकार को उनके निपटाने के लिये जिम्मेदारी दी गई है। सरकार अहसास करे। प्रधानमंत्री जी, आपके सामने क्या मजबूरी है और आपको कौन मजबूर करता है, आप हमें बताइये, हम आपकी मदद करेंगे, आपकी मजबूरी दूर करेंगे। क्या वजह है कि प्रधानमंत्री जी को बार-बार अपना बयान बदलना पड़ रहा है? एक बार नही बार-बार अपना बयान बदलते रहते हैं। क्या वे रोज रोज बयान बदलेंगे? पाकिस्तान की सीमा पर बयान बदला, अमरीका गये, वहां अपना बयान बदला।

अध्यक्ष जी, माननीय प्रधान मंत्री का बयान सारा विश्व सुनता है । अफसोस होता है कि इतने बड़े नेता, अच्छे वक्ता, जिनका आदर है, उन्हें मजबूर होकर बार-बार बयान बदलना पड़ता है। इससे देश का नुकसान होता है। इस देश का सम्मान दुनिया के सामने गिरता है। इसलिये प्रधानमंत्रीजी बार-बार बयान नहीं बदलें और आज के बाद बयान नहीं दें। मैं श्री सोमनाथ चटर्जी की इस बात से सहमत हूं कि प्रधानमंत्रीजी को खेद व्यक्त करना चाहियेâ€¦ (व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** श्री राम विलास पासवान जी, आप बोलिये।

...(व्यवधान)

**डॉ.विजय कुमार मल्होत्रा** : अध्यक्ष जी, कल अयोध्या पर चार घंटे की बहस होने वाली है। क्या आज भी इस पर फिर से बहस होगी, क्या बार-बार इस विाय पर बहस होगी? देश के सामने गरीबी, बेरोजगारी की समस्यायें हैं, उन पर चर्चा नहीं हो रही है और ये लोग लगातार इस विाय को उठाते रहते हैं।â€¦ (व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** मैंने श्री राम विलास पासवान जी का नाम पुकारा है। पासवान जी, आप बोलिये।

**डॉ.विजय कुमार मल्होत्रा** : अध्यक्ष जी, हमें भी अपना पाइंट ऑफ व्यु रखने की इजाजत दीजिये। हम मन्दिर बनाना चाहते हैंâ€¦ (व्यवधान) हम भी अपनी बात रखना चाहतें हैंâ€¦ (व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** अखिलेश जी, आप बैठिये। मैंने श्री राम विलास पासवान जी को बुलाया है। पासवान जी, मैं आपको दो मिनट का समय दे रहा हूं क्योंकि ज्यादा समय नहीं है। मैंने आपको इजाजत दी है, आप बोलिये, बाकी सदस्य बैठ जायें। Please do not disturb the House again and again.

**श्री राम विलास पासवान (हाजीपुर) :** अध्यक्ष जी, जिस दिन से पार्लियामेंट का सैशन खुला है, मैं उस दिन से बेरोजगारी के सवाल पर नोटिस दे रहा हूं लेकिन इस सदन में उस विाय पर चर्चा करने के लिये समय नहीं मिलता और हमेशा इस मुद्दे पर चर्चा होती है। ये लोग इस मुद्दे को छोड़कर दूसरे मुद्दे सदन में रखना ही नहीं चाहते हैं।â€¦ (व्यवधान) अध्यक्ष जी, मैंने कई बार सदन में कहा है कि एक व्यक्ति का इंटरेस्ट, दूसरा पार्टी का इंटरेस्ट और तीसरा देश का इंटरेस्ट होता है। जब व्यक्तिगत इंटरेस्ट या पार्टी का इंटरेस्ट नेशनल इंटरेस्ट से ऊपर हो जाता है, वह देश को कमजोर करता है। यहां जो कुछ हो रहा है, मैं उसके लिये राजनीति नहीं कर रहा हूं। लेकिन टीडीपी. क्या कर रही है, जनता दल क्या कर रही है, समता पार्टी क्या कर रही है? अगर प्रधान मंत्री जी में हिम्मत है तो वे कानून लायें, कैबिनेट में प्र ास्ताव पास करके लायें लेकिन ये किसी विाय पर नहीं ला सकते। मैं प्रधान मंत्री जी से इतना ही आग्रह करना चाहता हूं कि यह जो कुछ हो रहा है, देश को कमजोर करने की साजिश चल रही है। हम लोग कल तक यही सोचते थे कि इसके पीछे वी.एच.पी. कर रही है लेकिन हमारे जैसे लोग यह अनुभव कर चुके हैं कि वी.एच.पी., बजरंग दल, बी.जे.पी. - ये सब चैनल्स हैं। आर.एस.एस. उसका ट्रासमीटर, टी.वी. है और उसका सारा प्लॉन है जो इन लोगों को कठपुतली बनाये जाने का कार्यक्रम कर रही है।

इसलिए मैं आपसे आग्रह करना चाहता हूं कि प्रधान मंत्री जी, आपके दिल से जो आवाज निकलती है, वह सही निकलती है। गुजरात में आपने जो नरेन्द्र मोदी के संबंध में कहा था, वह सही कहा था। गोवा में जाकर आपने जब भीड़ को देखा तो आप पलट गये। जब आप वहां गये और जब आपने वहां आर.एस.एस. की जमा भीड़

को देखा तो आपने तुरंत कह दिया कि मंदिर वहीं बनेगा, जो विवादास्पद जगह है। आपने कभी केयर नहीं किया कि मामला कोर्ट में पैन्डिंग है और कोर्ट के ऊपर इसका क्या असर होगा।â€¦ (व्यवधान) इसलिए मैं आग्रह कहना चाहता हूं कि यह सर्वसम्मति बन चुकी है कि कोर्ट का जो फैसला होगा, वही देश को मान्य होगा और इसके अलावा जो कुछ आप कहते हैâ€¦ (व्यवधान) आप गलत काम कर रहे हैं, इसे आपको महसूस करना चाहिए।

**प्रो. रासा सिंह रावत** : कॉमन सिविल कोड मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जो निर्णय दिया, उसका क्या हुआ। यह कोर्ट की बात कह रहे हैं।â€¦ (व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** मि. ओवेसी, आप बोलिये।

...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: I give you two minutes. Please conclude immediately thereafter.

...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय** : कृपया बैठिये। देखिये इस प्रश्न पर यहां निवेदन करने के लिए और जो कुछ कहना है, वह कहने के लिए माननीय प्रधान मंत्री जी उपस्थित हैं, आप क्यों शोर मचाते हैं। मैं आपकी बात समझ गया। ओवैसी जी, आप बोलिये।

**डॉ.विजय कुमार मल्होत्रा** : वैस्ट बेकरी कांड में भी कोर्ट का फैसला हुआ था, उसे क्यों नहीं मान रहे हैं, ये उसके खिलाफ हो रहे हैं। यहां कोर्ट का फैसला मान्य होगा और वहां नहीं होगा।â€¦ (व्यवधान)

**श्री सुल्तान सल्लाउद्दीन ओवेसी (हैदराबाद) :** जनाब स्पीकर साहब, प्राइम मिनिस्टर ने जो बयान दिया है, मैं उसकी मजम्मत करता हूं। एक वजीरे-आजम होते हुए इस तरीके की तकरीर करना, पूरे हिन्दुस्तान के लोगों ने आपकी वह तकरीर सुनी, जिसमें आपने वाजे-अल्फाज में जो बातें कहीं, हालांकि यह चीज अदालत में हैं और एक जिम्मेदार आदमी को इस तरीके से नहीं कहना चाहिए और फिर यह आपकी आदत रही है कि जब आप कहते हैं, फिर उसके बाद बदल देते हैं। फिर उसके बाद कहते हैं कि इसका मतलब यह नहीं था। मुझे दाग़ का यह शेर याद आ रहा है -

होशो-हवास ताब -ओ -तवा दाग जा चुके ,

अब हम भी जाने वाले हैं, सामान तो गया।

**अध्यक्ष महोदय :** माननीय प्रधान मंत्री जी।

**श्री मुलायम सिंह यादव** : रामदास जी बोलने से रह गये हैं।

**अध्यक्ष महोदय** : जरा अभी प्रधान मंत्री जी को उत्तर देने दीजिए।

...(व्यवधान)

**श्री रामदास आठवले :** अध्यक्ष महोदय, मुझे एक मिनट बोलने की इजाजत दी जाए।

MR. SPEAKER: I have already requested the Prime Minister to make his statement on the issue. Please sit down.
रामदास जी, कितने लोगों के प्रश्न मेरे सामने हैं, मुझे प्रश्न काल शुरू करना है, प्लीज बैठिये।

**प्रधान मंत्री (श्री अटल बिहारी वाजपेयी) :** अध्यक्ष महोदय, मुझे खेद है कि अयोध्या में परमहंस जी के देहावसान पर आयोजित शोक सभा में जो मैंने श्रद्धांजलि अर्पित की थी, उसे लेकर एक विवाद खड़ा हो गया है। चिताएं बनती हैं, अब कहां बनती हैं, क्यों बनती हैं, मेरे पास इसका उत्तर नहीं है।â€¦ (व्यवधान)

**श्री मुलायम सिंह यादव :** इस पर किसी को ऐतराज नहीं है।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : लेकिन अगर शोक सभा का ऐलान कर दिया गया है और लोग अपनी भावनाएं व्यक्त करना चाहते हैं तो फिर लोगों को उसका आदर करना चाहिए, आपत्ति नहीं करनी चाहिए।â€¦ (व्यवधान) प्रधान मंत्री भी एक नागरिक है, इस देश का नागरिक है, हाड़-मांस का बना हुआ आदमी है। â€¦ (व्यवधान) प्रधान मंत्री भी भावनाएं रखता है और उसे संयम में रखना भी जानता है। क्या किसी ने उस दिन का मेरा पूरा भााण पढ़ा है। â€¦ (व्यवधान) मैं अक्षरशः भााण की बात कर रहा हूं।

क्या पढ़ने वालों के ध्यान में यह नहीं आया कि इसमें राम मंदिर की बात तो कही गई है, कहीं यह नहीं कहा गया है कि राम मंदिर कैसे बनेगा, कौन बनाएगा। आखिर राम मंदिर बने इस पर दो राय हो सकती हैं और बहुत बड़ा वर्ग है जो चाहता है राम मंदिर बने। â€¦ (व्यवधान)

**श्री मोहन रावले (मुम्बई दक्षिण मध्य) :** कांग्रेस क्या चाहती है? â€¦ (व्यवधान)

**श्री मुलायम सिंह यादव :** राम मंदिर के खिलाफ हम नहीं हैं लेकिन कहां बने यह बताइए। â€¦ (व्यवधान)

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** मैंने अपने भााण में यह भी कहा था कि राम मंदिर का फैसला सब मिलकर करेंगे और यह स्टैन्ड हमारा शुरू से रहा है। â€¦ (व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** प्लीज़ सुनिये। आपको प्रधान मंत्री जी का उत्तर तो ठीक से सुनना होगा।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** अयोध्या में भााण करते हुए मैंने कोई स्टैन्ड नहीं बदला है। अयोध्या में बात करते हुए मैंने कोई ऐसी बात नहीं कही जो विवाद को जन्म दे। â€¦ (व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** बसुदेव आचार्य जी, यह ठीक नहीं है।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** मैंने कहा कि महंत परमहंस की आखिरी इच्छा पूरी होगी, हमें विश्वास है। क्या बुराई है यह कहने में? मैंने यह तो नहीं कहा कि ज़बरदस्ती मंदिर बनाया जाएगा और हम जो सौ बार कह चुके हैं कि मंदिर बनाने के दो ही तरीके हैं, अयोध्या की समस्या को हल करने के दो ही तरीके हैं। या तो आपस में बैठकर मिलकर दोनों पक्ष भाईचारे की भावना से समस्या का समाधान करें या जो कोर्ट का फैसला है, वह मान लिया जाए और वह फैसला अंतिम हो। यह हमारा अभी तक का स्टैन्ड है। â€¦ (व्यवधान)

ज़रा ठहरिये। â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: I have permitted the Prime Minister to speak. बसुदेव आचार्य जी प्लीज़ बैठिये। प्रधान मंत्री जी सदन में खड़े हैं तो क्या आप नहीं जानते हैं कि उनको उत्तर देने का अधिकार है? आपकी पार्टी की तरफ से यहां अपनी बात रखी गई है। â€¦ (व्यवधान)

SHRI S. JAIPAL REDDY (MIRYALGUDA): Sir, the Prime Minister is saying different things on different dates.....(*Interruptions*) He is bringing down the dignity of the Office of the Prime Minister..â€¦ (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: The Prime Minister is doing exactly what he is expected to do. You can go ahead with your statement, Mr. Prime Minister.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Please do not take on record. what Shri Acharia says . Nothing is to be recorded.

*(Interruptions) â€¦ **

MR. SPEAKER: Every minute, you are standing up and trying to disturb the Prime Minister. This is not desirable. ये कैसे चलेगा?

मैं सभी को कहता हूँ, केवल एक पार्टी को नहीं। जैसे आपकी पार्टी को कहता हूँ, वैसे ही बीजेपी को भी कहता हूँ। प्रधान मंत्री बोल रहे है तो वे समर्थ हैं उत्तर देने के लिए। मैं उनको भी रोकता हूँ, आपको भी रोकता हूँ।

Mr. Prime Minister, please go ahead.

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** अयोध्या के प्रश्न पर अलग अलग मत हैं। इसीलिए कोई सर्वसम्मत हल नहीं निकला है। इसीलिए समस्या का समाधान अभी तक रुका हुआ है। परमहंस जी उस आंदोलन से जुड़े हुए थे, त्यागी पुरु थे। सारा जीवन उन्होंने समाज के लिए समर्पित कर दिया। अब उनकी मृत्यु पर अगर यह कहा जाए कि उनका जो सपना था वह पूरा होगा, हम यह आशा करते हैं, तो किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए। यह तो मैंने नहीं कहा कि मंदिर कहां बनेगा! और हम सौ बार कह चुके हैं कि मंदिर को बनाने के दो ही रास्ते हैं। या तो सब मिलकर तय करें मंदिर बनाने के लिए और समस्या का समाधान करने के लिए या फिर अदालत पर छोड़ दिया जाए, यह हमारा स्टैन्ड तो नहीं बदला। अब शोक सभा में जहां हज़ारों लोग इकट्ठे हों और जहां किसी साधु महात्मा को श्रद्धांजलि दी जानी हो, वहां मैं अयोध्या समस्या के बारे में भााण करता? हमने संक्षिप्त में दो बातें कहीं, दो शब्द कह दिये। दो शब्दों में आपत्तिजनक कुछ नहीं है मगर हमारी श्रद्धा का नि वेदन जरूर है और उसका आपको आदर करना चाहिए। मरघट पर जो सभा हुई वह हुई, हमने नहीं की। चिता जल रही है, क्या बोलें? कितने संयम से बोले हैं उसकी आप तारीफ नहीं कर रहे हैं!

अध्यक्ष महोदय, आप दृश्य देखिये। आप यहां बैठे हैं, शायद देख नहीं सकते। उस दृश्य की कल्पना करिये कि अयोध्या में सरयू का किनारा, लोगों की भीड़ और लोग व्यथित थे, दुखी थे। मैं मुलायम सिंह जी की भावनाएं जानता हूँ।

लेकिन वे कहते हैं कि ऐसी मजबूरी है। मजबूरी कोई नहीं है। जिस दिन मजबूरी होगी, उस दिन मैं सारा राजपाट छोड़कर चला जाऊंगा, मुलायम सिंह जी।

* Not Recorded

SHRI SOMNATH CHATTERJEE : As we are not satisfied with the hon. Prime Minister's reply, we are walking out in protest. ...(*Interruptions*)

11.40 hrs.

*(At this stage, Shri Somnath Chatterjee and some other*

*hon. Members left the House.)*

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: No clarification on this issue now. The hon. Prime Minister has given the reply.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Question No. 201.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Please keep quiet. Keep silence in the House. The hon. Prime Minister has finished the reply on

this issue.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: I have taken up the Question Hour now. No further clarifications on this issue. I have concluded that issue.

...(*Interruptions*)

**डॉ.विजय कुमार मल्होत्रा :** अध्यक्ष महोदय, उन्होंने कहा कि एडजर्नमेंट मोशन रेज करेंगे। प्रधान मंत्री जी ने जवाब दे दिया। â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: I am going to give the ruling.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: All the Adjournment Motions, including the one on this issue, have been rejected. Those hon. Members who want to raise their issues can do so during 'Zero Hour'.

...(*Interruptions*)

**श्री राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव :** अध्यक्ष महोदय, जब प्रधान मंत्री जी ने संतोाप्रद जवाब दे दिया, फिर कांग्रेसी मित्रों के वॉक आउट करने का क्या प्रश्न है, यह मेरी समझ में नहीं आया। â€¦ (व्यवधान) इस प्रकार से बार-बार, हर सवाल पर राजनीति यदि होती रहेगी, तो लोक तंत्र कमजोर होगा। इनके ऐसे कारनामों की वजह से ही लोकतंत्र कमजोर हुआ है। â€¦ (व्यवधान)